आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 10:26बजे

प्रधानमंत्री

देश आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 15 अगस्त पर लाल किले की प्राचीर से उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के वीर जाबांजों को सलाम करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस घटना से पूरा हिन्दुस्तान आक्रोश से भरा हुआ था और ऑपरेशन सिंदूर इसी आक्रोश की अभिव्यक्ति है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्यारह वर्षों में सौर ऊर्जा तीस गुना बढ़ी है और देश में मिशन हरित हाइड्रोजन पर हजारों करोड़ रुपये निवेश किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री धन–धान्या कृषि योजना शुरू की गई है। जिसमें पिछड रहे सौ जिलों के किसानों को सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में खेलकूद को बढावा देने के लिए राष्ट्रीय खेल नीति के तहत खेलों और खिलाडियों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा।

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस–

इधर प्रदेश का राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मण्डी ज़िले के सरकाघाट में आयोजित किया जा रहा है। जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट का निरीक्षण कर सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिह पठानिया ऊना, जबकि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा जहां राज्य सरकार के मंत्री समारोहों की अध्यक्षता करेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले 24 घण्टों में बारिश का कम रूक–रूककर जारी है। राज्य में हो रही बरिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। जगह–जगह पेड गिरने व भू–स्खलन होने से यातायात बाधित हो रहा है।

राज्य परिचालन केन्द्र के अनुसार प्रदेश में भू–स्खलन से दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 72 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। इसके अलावा 7 सौ 21 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 92

पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में 2 सौ 47 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 36 लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने 20 अगस्त तक प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी रहने की सम्भावना जताई गई है और इस दौरान कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट है।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........</u>

अमर उजालाा का शीर्षक है–कृषि व बागवानी विश्वविद्यालय में वीसी की नियुक्ति प्रक्रिया में हाईकोर्ट की रोक।

दैनिक जागरण और दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–वाकआउट के बजाय सदन में बैठ हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का सुझाव दे विपक्ष।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है– हिमाचल में 3 जगह बादल फटे, तबाही के बीच 6 मौतें, ऊना फिर पानी–पानी।